राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल की रामनवमी पर शुभकामनाएं

घर पर रहें, गरीबों की मदद करें

जयपुर, 01 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि घर पर रहकर पूजा करे और अपने आस पास के जरूरतमंदो को भोजन करावें।

श्री मिश्र ने कहा है कि रामनवमी के पावन पर्व पर हम सभी को समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेने के साथ परस्पर प्रेम व सौहार्द्र को बढाने के लिए समर्पित भाव से प्रयास करना चाहिये।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि रामनवमी के मौके पर अपने आस पास के ऐसे लोग जो गरीब है, जिनके पास इस कोरोना वैश्विक महामारी के लॉक डाउन में खाने पीने की व्यवस्था नही है, उन लोगों को भोजन कराये। राज्यपाल ने कहा कि हमें घर में रहकर ही पूजा पाठ करनी है। घर में पूजा पाठ के दौरान सोशल डिस्टेसिंग बनाकर रखनी है।

&&&

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल